# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 03.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का कल दूसरा दिन, सदन में पेश होगा वित्तीय वर्ष 2025–26 का पहला अनुपूरक बजट ।**
2. **दिल्ली के अपोलो अस्पताल में लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जाना हाल, कहा– डॉक्टरों ने दिए सकारात्मक संकेत।**
3. **नो प्लास्टिक सेल्फी विद झोला कार्यक्रम के पायलट प्रोजेक्ट की रामगढ़ जिले से हुई शुरुआत, राज्य के 70 लाख विद्यार्थियों तक कार्यक्रम को पहुंचाने का लक्ष्य।**
4. **सेना भर्ती कार्यालय, रांची द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का 22 अगस्त से 4 सितंबर तक खेलगांव स्टेडियम में किया जाएगा आयोजन।**
5. **और मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू समेत राज्य के कई जिलों में मेघगर्जन के साथ भारी बारिश की दी चेतावनी, येलो अलर्ट जारी।**

******************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का कल दूसरा दिन है। सोमवार को सदन में वित्तीय वर्ष 2025–26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। मानसून सत्र 7 अगस्त तक चलेगा।

******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में इलाजरत राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर किए पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री ने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा है कि वे वर्तमान में लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं। डॉ. अंसारी ने मौके पर पहुंचकर न सिर्फ डॉक्टरों की टीम से विस्तृत जानकारी ली, बल्कि परिवारजनों से भी भेंट की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने लिखा है कि डॉक्टरों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं।स्वास्थ्य मंत्री ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि पूरा झारखंड उनके साथ है

******************

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने आयुष मंत्रालय से परामर्श के बाद, आयुर्वेदिक आहार की एक सूची जारी की है। इससे खान–पान को लेकर भारत के सदियों पुराने ज्ञान को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं तथा कारोबारियों– दोनों में विश्वास बढ़ेगा। एक रिपोर्ट–

******************

बोकारो को नशा मुक्त जिला बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस लिया है।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से सीआईपी, कांके में वर्षों से अपनी सेवा दे रहे सुरक्षाकर्मियों ने आज उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने सेवा से हटाए जाने सहित अपनी कई अन्य समस्याओं से श्री सेठ को अवगत कराया। श्री सेठ ने सीआईपी के निदेशक से बात कर समस्याओं के त्वरित समाधान करने के लिए कहा।

******************

पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने के उद्देश्य से नो प्लास्टिक सेल्फी विद झोला कार्यक्रम के पायलट प्रोजेक्ट की रामगढ़ जिले से शुरुआत हुई। जिले के गांधी हाई स्कूल और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सेल्फी विद झोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन दोनों विद्यालय के बच्चों को कपड़े का थैला बनाने के लिए स्कूल की ओर से प्रोजेक्ट वर्क दिया गया था जिसका बच्चों ने झारखंड शिक्षा परियोजना के कोऑर्डिनेटर डॉ गौरव वर्मा के समक्ष सफल प्रदर्शन किया। जिसकी उन्होंने सराहना भी की।

*******************

जामताड़ा जिले में समय पर पर्याप्त बारिश होने और धान बिचड़ों की रोपाई समय पर होने से इस वर्ष धान की बेहतर पैदावार किसानों को प्राप्त होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है । जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने बताया कि अब तक 70 प्रतिशत से अधिक धान बिछड़ों की रोपाई हो चुकी है।

*******************

खूंटी जिले में नक्सल और उग्रवाद प्रभावित इलाके के युवा एक माह का ड्राइविंग प्रशिक्षण ले रहे हैं। नौ अगस्त को ड्राइविंग प्रशिक्षण पूर्ण होगा। खूंटी के आर सेट्टी और बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से लगातार युवाओं को प्रशिक्षण देकर कौशल विकास कराया जा रहा है। गया जिले से आए प्रशिक्षक बबलू कुमार ने बताया कि इससे युवा स्वरोजगार के लिए सक्षम हो सकेंगे।

*******************

सेना भर्ती कार्यालय, रांची द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली 2025–26 का आयोजन 22 अगस्त से 4 सितंबर तक खेलगांव स्टेडियम में किया जाएगा। अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन से अपने पंजीकृत खाते के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

*******************

**रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में लटमा स्थित एक घर से एक महिला और दो बच्चों के शव बरामद हुए हैं। पारिवारिक विवाद में तीनों के फांसी लगाकर सामूहिक आत्महत्या की बात सामने आ रही है। जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है।**

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार तीन सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 17 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

12 अगस्त से 23 अगस्त तक जालंधर पंजाब में आयोजित पंद्रहवी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित होगा। इसमें झारखण्ड हॉकी टीम की भागीदारी के लिए झारखंड जूनियर पुरुष हॉकी टीम का विशेष प्रशिक्षण 5 अगस्त को नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर में शुरू होगा। शिविर के लिए चयनित सभी खिलाड़ी कल अपराह्न 4 बजे से नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर में रिपोर्ट करेंगे।

*******************

**मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू समेत राज्य के कई जिलों में मेघगर्जन के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी है । विभाग ने 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।**

*****समाप्त*************